समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• जुलाई २०२० • वर्ष ७१ • अंक ०७

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

✷ श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया होंगे सम्मेलन के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष

✷ सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक में हुए निर्विरोध निर्वाचित

निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया को राँची में हार पहनाकर बधाई देते झारखंड सम्मेलन के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल; साथ में परिलक्षित हैं धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला गाड़ोदिया।

इस अंक में –

- अध्यक्षीयः आपदाकाल में वंचितों की मदद हमारा नैतिक कर्त्तव्य
- सम्पादकीयः आंतरिक शुचिता हो हमारी प्राथमिकता
- रपटः अखिल भारतीय समिति की बैठक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं स्थायी समिति की संयुक्त बैठक
- सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत

To your taste buds, with love...

Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.

Yours Tastefully Anmol™

celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

समाज विकास

◆ जुलाई २०२० ◆ वर्ष ७१ ◆ अंक ०७
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक — पृष्ठ संख्या

- **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** ५
  आंतरिक शुचिता हो हमारी प्राथमिकता
- **अध्यक्षीय : सन्तोष सराफ** ७
  आपदाकाल में वंचितों की मदद हमारा नैतिक कर्त्तव्य
- **समाचार सार / प्रांतीय समाचार** ८
- **रपट –**
  अखिल भारतीय समिति की बैठक ९-१२
  राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं स्थायी समिति की संयुक्त बैठक १७-१८
  पश्चिम बंग सम्मेलन द्वारा वेबिनार का आयोजन २१
- देव-स्तुति २२
- सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत २३-२६

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९
पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

सम्पादक की कलम से:

यह हर्ष का विषय है कि आगामी सत्र के लिये श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

मैं श्री गाड़ोदिया से २०१७ में सम्पर्क में आया जब वे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष थे। उसी समय मेरे राष्ट्रीय महामंत्री के कार्यकाल में अखिल भारतीय समिति की बैठक झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में आयोजित हुई थी। शनैः शनैः सम्पर्क में निकटता एवं आत्मीयता का विकास हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पिछले दो वर्षों में उन्होंने अपनी कार्यकुशलता एवं समर्पण भावना की छाप छोड़ी है। इस दौरान उन्होंने आठ राज्यों का दौरा किया। इनमें से कुछ दौरों में वे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ के साथ थे। दक्षिण भारत में सम्मेलन के विस्तार में उनकी अत्यंत सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका रही। संरक्षक एवं विशिष्ट संरक्षक सदस्यों की वृद्धि में भी उनकी भूमिका रही।

गोवर्धन जी मिलनसार व्यक्ति हैं। सबके साथ मिल-जुलकर कार्य सम्पन्न करने की कला है उनमें। गोवर्धन यानि 'गो' का वर्धन। गो का अर्थ गाय, इन्द्रियाँ एवं चेतना भी होता है। उनकी राशि कुंभ है। साधारणतः कुंभ राशि के व्यक्ति बोलने से अधिक सुनना पसंद करते हैं। व्यवहार में काफी अनुशासित रहते हैं। लोगों से घुलना-मिलना पसंद करते हैं। इस राशि के लोग रचनात्मक इंसान होते हैं। समाज के प्रति दूरदर्शी नजरिया रखते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे अहम एवं गुरुदायित्वपूर्ण पद के सफल निष्पादन के लिये इन सब गुणों की आवश्यकता पड़ती है।

गाड़ोदिया जी को हार्दिक बधाई! मेरी शुभकामना है कि आपका कार्यकाल सम्मेलन के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित करे।

चिट्ठी आई है

सर्वप्रथम मेरी पूरी टीम की तरफ से समाज विकास के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रणाम! आपकी ३२ पन्नों की अप्रैल माह की पत्रिका बहुत सुंदर छपी है। मुख्य पृष्ठ बहुत सुंदर है एवं श्रीकृष्ण-सुदामा की प्रेम कथा का वर्णन अविस्मरणीय है। उच्च शिक्षा कोष में आप लोगों ने अभी तक २ करोड़ ३५ लाख रुपयों का अनुदान दिया है जो ये दर्शाता है कि मारवाड़ी सम्मेलन किस तत्परता के साथ समाज के चहुमुँखी विकास हेतु अग्रसर है। मैं अपने आप को खुशनसीब मानती हूँ कि मैं ऐसे सम्मेलन से जुड़ी हूँ। मारवाड़ी महिला सम्मेलन १९ प्रदेशों में ४४३ शाखाओं के साथ कार्यरत है। वर्तमान में हमारी कुल सदस्य संख्या १६१४० है। आप सबों से प्रेरणा लेते हुए हम महिला सम्मेलन की बहनें भी उच्च शिक्षा कोष तथा अन्य समाजहित एवं जनकल्याण के कार्य के लिए प्रयासरत रहेंगे। इसी भरोसे के साथ आप सबका एक बार फिर से धन्यवाद! राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण।

– शारदा लाखोटिया, राष्ट्रीय अध्यक्षा
अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन

MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

(A Trust of All India Marwari Federation)

उच्च शिक्षा कोष

समाज के बच्चों को शिक्षित कर परिवार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल

देश के विभिन्न भागों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को दो करोड़ पैंतीस लाख रुपयों का दिया जा चुका है अनुदान

वित्तीय वर्ष (२०१८-१९) में ५२ लाख रुपयों से अधिक का आवंटन

"Education is a fundamental human right and essential for excercise of all other human rights."

उदारहृदय समाजबंधुओं का मिल रहा है तहेदिल से साथ

आप भी बढ़ाएँ सहयोग का हाथ समाज के सर्वांगीण विकास में बनें भागीदार !

छात्र/छात्राएँ नि:शुल्क छात्रवृत्ति के लिये सम्पर्क करें

इंजीनियरिंग, टेक्निकल, चिकित्सा, मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में स्नातकोत्तर/उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति हेतु समाज के मेधावी एवं जरुरतमंद छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित हैं।

पात्रता : (क) १७ और २५ वर्षों के बीच के उम्र के मेधावी छात्र-छात्राएँ जिनका शैक्षिक परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा हो और जिन्हें केवल अपनी योग्यता के बल पर किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश मिल रहा हो।

(ख) जिन आवेदकों के माता-पिता की वार्षिक आय तीन लाख रुपयों से कम होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रक्रिया : (क) पूर्व शैक्षिक प्रमाणपत्रों, प्रवेश के प्रमाण, माता-पिता के आय प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज़ चित्रों के साथ, मारवाड़ी सम्मेलन की किसी शाखा/सम्बद्ध संस्था से अनुमोदित आवेदन प्रस्तुत करने हैं।

(ख) एक छात्र-छात्रा को वर्ष में अधिकतम दो लाख रुपयों की राशि अनुदानस्वरूप दी जा सकती है।

(ग) प्रतिवर्ष कुछ छात्रवृत्तियाँ छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं।

आवेदन करें : *चेयरमैन, उच्च शिक्षा उपसमिति, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन*

४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-१७, फोन : (०३३) ४००४४०८९, ईमेल : aimf1935@gmail.com

आंतरिक शुचिता हो हमारी प्राथमिकता

वर्तमान परिस्थिति में मनुष्य का शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इन परिस्थितियों में मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करके हम अपने जीवन को पटरी पर ला सकते हैं। योग के महान ग्रंथ पतंजलि योग दर्शन में योग के बारे में कहा गया है – '**योगश्चित वृत्ति निरोधः**' अर्थात मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करना ही योग है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि '**योगः कर्मसु कौशलम्**' यानि कर्मों में कुशलता ही योग है। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग के तहत यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि का वर्णन किया है। यम यानि बुरे काम को छोड़ना, नियम – अच्छे काम करना, आसन – शरीर स्वस्थ रखना, प्राणायाम – श्वांसों पर संयम रखना, प्रत्याहार – अपने दोषों को दूर करना, धारणा – चित्त को ध्येय में लगाना। इन सबों का पालन करते हुए क्रमशः ध्यान में स्वयं को नियोग करते हुए समाधि में स्थिर हो जाना। यह एक स्थितप्रज्ञ की स्थिति है जिसका वर्णन गीता में किया गया है। वर्तमान कोरोनाकाल में तन एवं मन को स्वस्थ रखने की जितनी भी बातें बताई जा रही है, सभी इन बिंदुओं में समाहित है। अष्टांग योग के अंतर्गत नियम की व्याख्या करते हुए सूत्र ३२ में कहा गया है - **शौचसन्तोषतपः स्वाध्यायेश्वर प्रणिधानानि नियमाः**। यानि शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान पाँच नियम है। अभी हम देख रहे हैं कि शौच पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। शुचिता को हम सिर्फ बाहरी शुचिता के रूप में ही समझते हैं। बाहरी शुचिता का तात्पर्य है कि हम अपने शरीर को स्वच्छ रखें, पर्याप्त पानी पीयें। अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखें। अभी किसी भी वस्तु को हाथ लगाने के उपरांत हाथ धोना आवश्यक हो गया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बाहरी शुचिता के साथ-साथ आंतरिक शुचिता भी उससे अधिक महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में अपनी आदतों के कारण मनुष्य मानसिक तनाव से ग्रस्त है। आंतरिक शुचिता के तहत अपने मन से ईर्ष्या, राग, द्वेष, नकारात्मक सोच को मन से निकालकर सद्भावना, मैत्री, करुणा एवं सकारात्मक सोच से मन को ओत-प्रोत रखना अत्यावश्यक है।

वर्तमान परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में हमें यह समझना होगा कि हम परिस्थितियों को बदल नहीं सकते। पर उन परिस्थितियों पर हम अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार की करते हैं, यह हमारे सोच एवं समझ पर निर्भर है। अतएव हमारी प्रतिक्रिया को हमारा मन संचालित करता है। इस संबंध में विस्तृत चर्चा समीचीन होगा। आज हम देखते हैं कि हमारी सोच एवं हमारी कार्यशैली पूरी तरह से धन या अर्थ केंद्रित हो रही है। येन केन प्रकारेण अर्थोपाजन ही जीवन का लक्ष्य बनता जा रहा है। '**स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान सर्वत्र पूज्यते**' – यह बात अब सिर्फ एक कहावत बन कर रह गई है। जिसके पास धन है वही पूज्य है एवं समाज में आकर्षण का केन्द्र है। धन प्रधान समाजव्यवस्था में अन्य मानवीय गुण गौण हो जाते हैं। इसीलिये तो हम लक्ष्मी माता की आरती में गाते हैं – **ऊँ जय लक्ष्मी माता, जिस घर थारो वासो, तेहि में गुण आता / कर न सके सोई कर ले, मन नहीं धड़काता।** यहाँ पर मैं स्पष्ट करना चाहूँगा कि धनोपार्जन बुरी बात नहीं है। मानवजीवन एवं समाजव्यवस्था में धन का महत्वपूर्ण स्थान है।

जीवन के मान को ऊँचा करने के लिये दोनों शुचिता ही आवश्यक है। हमें यह याद रखना होगा कि जब हम घर में बर्तन माँजते हैं तो बाहर से अधिक अंदर से साफ करने पर ध्यान देना पड़ता है। मैं अपनी भावना को कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की कविता के माध्यम से व्यक्त करना चाहूँगा जो इस प्रकार है –

भगवान के चरणों पर फूल चढ़ाने मंदिर मत जाओ
सर्वप्रथम अपने घर को प्रेम एवं करुणा के सुगंध से भर दो
भगवान की वेदी पर दीपक जलाने मत जाओ
पहले अपने हृदय से पाप, घमंड एवं अहम का अंधेरा हटाओ
प्रार्थना में अपने माथा को झुकाने मंदिर मत जाओ
पहले अपने साथियों के सामने विनम्रता से झुकना सीखो
एवं उनसे क्षमा माँगो जिसको तुमने क्षति पहुँचाई है
अपने घुटनों के बल झुककर प्रार्थना करने मंदिर मत जाओ
पहले उसे ऊपर उठाओ जो बोझ से दबा हुआ है
अपने पापों का क्षमा माँगने मत जाओ
पहले उन्हें दिल से माफ करो जिन्होंने तुम्हें कष्ट पहुँचाया है

अगर हम आंतरिक शौच की ओर ध्यान नहीं देंगे तो अपना मानसिक संतुलन खो देंगे एवं तनावग्रस्त रहेंगे। यह तनाव बाहरी उपायों से हम दूर नहीं कर सकते। आंतरिक शौच से मन की प्रफुल्लता, एकाग्रता, इंद्रिय विषय एवं आत्मदर्शन की योग्यता क्रमशः प्राप्त होने लगती है। साथ ही साथ हमारे जीवन की गुणवत्ता स्वतः बढ़ने लगती है। स्वयं को श्रेष्ठ बनाकर हम समाज में भी श्रेष्ठ योगदान कर सकते हैं।

शिव कुमार लोहिया

HAPPINESS COMES IN MANY COLOURS. FIND YOURS IN THE Happy Rainbow Box.

Kanoria Foundation
WORK WITH DEVOTION

SREI
Together We Make Tomorrow Happen

Srei, since three decades, has been in the business of financing infrastructure, developing projects and empowering entrepreneurs. Our Happy Rainbow Box is a collection of such happy and optimistic thoughts that have the potential to change the world for the better.

Infrastructure Project & Equipment Finance | Medical, IT, Agriculture & Mining Equipment Finance | Infrastructure Project Advisory, Development & Investments | Investment Banking | Insurance Broking

Log on to www.happyrainbowbox.com and #SpreadTheHappy

LOWE | SAATCHI & SAATCHI

अध्यक्षीय

आपदाकाल में वंचितों की मदद हमारा नैतिक कर्त्तव्य

– सन्तोष सराफ

गत २२ मार्च को गुवाहाटी में अखिल भारतीय समिति की बैठक आयोजित होनी थी, पर कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए स्थगित कर दी गई। यह स्थगित बैठक जूम एप के माध्यम से ११ जुलाई २०२० को आयोजित की गई। इस बैठक में सम्मेलन के अगले सत्र के लिये श्री गोवर्धन प्रसाद जी गाड़ोदिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। मैं सम्मेलन के प्रत्येक सदस्य की ओर से एवं स्वयं मेरी ओर से श्री गाड़ोदिया को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ! वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में सम्मेलन की गतिविधियों की सफलता में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। विभिन्न प्रांतों के दौरों में अनेको बार मेरे साथ जाकर उन्होंने अपना सहयोग दिया। श्री गाड़ोदिया मृदुभाषी, हँसमुख एवं सकारात्मक सोच के धनी हैं। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सम्मेलन नई ऊँचाइयाँ हासिल करेगा।

बंधुओं, पिछले कुछ महीनों से हम कोरोना महामारीकाल से गुजर रहे हैं। लॉकडाउन क्रमशः खुल रहा है एवं आगे भी खुलता जायेगा। फलस्वरूप संक्रमण पूरे देश में दिनोंदिन बढ़ रहा है। ऐसी आशा जताई जा रही है कि यह संक्रमण आगे और बढ़ेगा। इस कारण जनता पूरी तरह से त्रस्त है। समस्याएँ आगे और भी बढ़ेंगी। आर्थिक गतिविधियाँ अभी बाधित है जिसके कारण रोजगार के अवसर संकुचित हो गये हैं। जनसाधारण के लिये आय के साधनों का अभाव है। घर-गृहस्थी में व्यक्ति मानसिक तनाव की स्थिति में अपना जीवनयापन करने को बाध्य है। घर में बुजुर्गों की भी अलग समस्या है। बहुत से बुजुर्ग तो अकेले ही रहते हैं एवं पेंशन पर निर्भर हैं। ऐसे बुजुर्ग जिनके आय का कोई साधन नहीं है, हमें उनकी आर्थिक सहायता करनी चाहिए। पहले भी मैंने सभी प्रांतों से अनुरोध किया था कि गरीबों के लिए अन्नपूर्णा रसोई कार्यक्रम की शुरूआत समय की माँग है। मुंबई जैसे बड़े शहरों में इस तरह के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। सभी प्रांतीय अधिकारियों से मेरी विनम्र विनती है कि अविलम्ब इस सेवा-प्रकल्प को हाथ में लें। यह समय समाज को देने का है। समाज के कमजोर वर्ग की ओर सहयोग का हाथ बढ़ाना हमारा पुनीत कर्तव्य है। इसके अलावा और भी कोई सेवाकार्य जिसकी समाज में आवश्यकता हो एवं जो संभव हो अवश्य हाथ में लें।

इस माह दो वेबिनार सफलतापूर्वक आयोजित किये गये। देश के सुप्रसिद्ध ऑर्थोपैडिक शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज मारोती जैन ने वर्तमान परिस्थिति में किस प्रकार स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है, इस संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। साथ ही साथ श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। दूसरे वेबिनार को देश के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. के.के. अग्रवाल ने सम्बोधित किया। उन्होंने विशेषकर कोरोना से कैसे बचा जाए एवं इसके इलाज में किन बातों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, इस संबंध में विस्तृत चर्चा की। ज्ञातव्य रहे कि डॉ. के.के. अग्रवाल पिछले तीन महीनों से पूरे देश में कोरोना के विषय में जानकारी के प्रचार-प्रसार में निरंतर संलग्न हैं। वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलने पर जनसाधारण को अनावश्यक तनाव एवं भय से मुक्ति मिल रही है। सम्मेलन द्वारा आयोजित वेबिनार में भी उन्होंने अनेक जानकारियाँ दी। श्रोताओं के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। सैकडों की संख्या में श्रोताओं ने वेबिनार में भाग लिया। दोनों ही वेबिनार सफल रहे।

सभी समाजबंधुओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि इस बीमारी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियाँ स्वयं भी अपनाएँ एवं अपने परिवार तथा समाज में भी सभी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। अगर आप इस बीमारी के संक्रमण से स्वयं को एवं अन्य को बचाने में सफल होते हैं तो यह समाज की एवं देश की बहुत बड़ी सेवा होगी। कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में मास्क की मुख्य भूमिका है। साथ ही साथ ६ फीट की शारीरिक दूरी एवं हाथ की स्वच्छता मुख्य सावधानियाँ हैं, जिन्हें अपनाने की जरूरत है।

सभी स्वस्थ रहें, यही मेरी कामना है। आगामी रक्षाबंधन के अवसर पर सभी समाजबंधुओं को मेरी अग्रिम शुभकामनाएँ।

जय समाज, जय राष्ट्र!

प्रांतीय समाचार : बिहार

बिहार मारवाड़ी सम्मेलन की उल्लेखनीय पहल

कोरोना पॉजिटिव मरीजों को मिलेगा निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेंडर

कोरोना के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर बैंक की शुरूआत की गई है। सम्मेलन के न्यू डाकबंगला रोड, पटना स्थित सम्मेलन भवन में इसकी शुरूआत हुई। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री बिनोद तोदी** ने कहा कि कोरोनाग्रस्त व्यक्ति को साँस लेने में तकलीफ होती है और उन्हें ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह व्यवस्था वर्तमान में उन रोगियों के लिए प्रारंभ की जा रही है जिन्हें साँस लेने में तकलीफ है। शुरू में २१ ऑक्सीजन सिलेंडर से यह सेवा शुरू की गई है। जरूरत पड़ने पर और अधिक सिलेंडर की व्यवस्था की जाएगी।

श्री तोदी ने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए उपयोगकर्ता को पाँच हजार रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी। सिलेंडर वापस लौटाने पर यह धनराशि वापस कर दी जाएगी। संयोजक गिरधारी झुनझुनवाला ने कहा कि जिस किसी को जरूरत हो वे ०९३३४४९६०३९ मोबाइल नंबर पर फोन कर इसका लाभ उठा सकते हैं।

समाचार सार

कोरोनाकाल में 'मारवाड़ी सेवा समिति नेपाल' द्वारा राहत एवं सेवाकार्य

नेपाल में मारवाड़ी समुदाय का इतिहास करीब २०० साल पुराना है। राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से उस कठिन समय में मारवाड़ी समुदाय के लोग नेपाल आए, उन्होंने यहाँ के लोगों को अपनाकर उनके सुख-दुःख में साथ देते हुए अपना व्यापार शुरू किया। देश में कोई भी विपदा आई, कोई भी कठिन समय आया, इस समुदाय ने स्थानीय समाज के साथ मिलकर तन-मन-धन से लोगों की सेवा की। सेवाकार्य के इसी क्रम में काठमाण्डु में साल १९५३ में विशुद्ध सेवा के उद्देश्य से 'मारवाड़ी सेवा समिति नेपाल' नामक संस्था की स्थापना हुई। शुरू से ही सेवा के प्रति समर्पित होकर इस संस्था के द्वारा होमियोपैथी औषधालय का संचालन शुरू हुआ जो आज भी सुचारु रुप से जारी है।

इस औषधालय में रोजाना २५०-३०० लोगों का निःशुल्क परीक्षण तथा औषधि वितरण किया जाता है। इसके अलावा 'मारवाड़ी सेवा समिति नेपाल' द्वारा गौशाला-धर्मशाला संचालन, निःशुल्क पानी वितरण, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, निःशुल्क शववाहन, निःशुल्क कृत्रिम पैर कार्यशाला जैसी अनेक सेवाएँ निरन्तर जारी है। कुछ वर्ष पूर्व नेपाल में भूकम्प आया, उस समय भी इस संस्था के अंतर्गत संपूर्ण मारवाड़ी समाज ने पुनर्वास एवं राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।

अभी कोविड-१९ की विश्वव्यापी महामारी के वक्त जब से नेपाल में लॉकडाउन शुरू हुआ तब से मारवाड़ी समाज स्थानीय लोगों की सेवा में जुट गया। करीब १० हजार परिवारों को खाद्यान्न वितरण, ५ लाख लोगों को मास्क, ग्लव्स आदि का वितरण किया गया। इसी क्रम में पिछले दो महीनों से इस महामारी से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि हेतु होमियोपैथी औषधि 'आर्सेनिक एल्बम-३०सी' का देशव्यापी निःशुल्क वितरण शुरू किया गया। यह औषधि भारत के आयुष मंत्रालय तथा नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कोविड-१९ के लिए प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि हेतु प्रोटोकॉल में जारी की गई है। अभी तक एक करोड़ पच्चीस लाख लोगों को इस दवाई का वितरण किया जा चुका है। भारत-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र सहित नेपाल के सभी ७७ जिलों में इस दवाई का वितरण अभी भी जारी है।

गोवर्धन गाड़ोदिया होंगे सम्मेलन के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष

कोरोनाकाल में आये सकारात्मक बदलावों को भविष्य में बरकरार रखना जरूरी : संतोष सराफ

"अपने स्थापना काल से ही, समाज सुधार मारवाड़ी सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य रहा है। सम्मेलन समाज सुधार के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयासरत रहा है एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति लोगों को सजग-सतर्क करता आया है। कोरोना के कारण, इन कुरीतियों के निवारण हेतु लोगों में कई सकारात्मक बदलाव आये हैं। अपने संस्कार-संस्कृति के साथ-साथ, लोग स्वास्थ्य, पर्यावरण और धर्म के प्रति जागरूक हुए हैं। हमें अपने अंदर आये इन बदलावों को भविष्य में भी बरकरार रखना होगा।" ये उद्‌गार हैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** के जो उन्होंने गत ११ जुलाई २०२० को आयोजित अखिल भारतीय समिति की वीडियो बैठक में व्यक्त किये।

श्री सराफ ने कहा कि आपदा की स्थिति में सहयोग का हाथ बढ़ाना मारवाड़ी समाज की संस्कृति रही है। सम्मेलन अपने केन्द्रीय, प्रादेशिक एवं स्थानीय शाखाओं के माध्यम से अपने-अपने स्तर पर संसाधनहीन वर्ग की तत्परता से सहायता कर रहे हैं।

बैठक का सभापतित्व करते हुए श्री सराफ ने सर्वप्रथम सभी का स्वागत किया एवं वर्तमान सत्र (२०१८-२०) के प्रमुख कार्यकलापों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि सदस्य-संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी, राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा प्रांतों के दौरे, उच्च शिक्षा एवं रोजगार प्राप्त करने में युवक-युवतियों को सहायता, समाज के विशिष्ट लोगों को सम्मेलन के कार्यक्रमों से जोड़ना आदि इस सत्र की विशिष्टताएँ रही।

अपने संबोधन में सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि मौजूदा सत्र में श्री संतोष सराफ एवं उनकी टीम द्वारा जितने भी कार्य हुए हैं, वो उनकी उम्मीद से ज्यादा हैं। लगभग हर क्षेत्र, विशेषकर संगठन-विस्तार में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। दक्षिण-भारत के सभी राज्यों में सम्मेलन की प्रादेशिक शाखाओं का गठन/पुनर्गठन मील के पत्थर हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि श्री गाड़ोदिया के लिए यह एक चुनौती एवं अवसर दोनों हैं। उनसे उम्मीद एवं अपेक्षाएँ बहुत हैं, साथ ही विश्वास भी है कि उनके नेतृत्व में सम्मेलन नयी ऊँचाईयों को प्राप्त करेगा।

मौजूदा सत्र हर दृष्टि से अव्वल, संगठन-विस्तार अभूतपूर्व : सीताराम शर्मा

अखिल भारतीय समिति की वीडियो बैठकः राँची में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के निवास पर सर्वश्री ओम प्रकाश अग्रवाल, बसंत मित्तल, राजकुमार केडिया, पवन शर्मा, बजरंगलाल अग्रवाल एवं भगवती प्रसाद भुवालका।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नंदलाल रुँगटा** ने कहा कि किसी भी संस्था की नींव उसकी सदस्यता होती है। इस दृष्टि से मौजूदा सत्र अविस्मरणीय रहा। कोरोनाकाल में उन्होंने लोगों को समरसता एवं आपसी सामंजस्य के साथ आगे बढ़ने का मंत्र दिया। साथ ही, उन्होंने परिवार के साथ अधिकाधिक समय व्यतीत करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इस चुनौती का सामना हमें मिल-जुलकर करते हुए राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपनी भूमिका का निर्वाह करना है। श्री गाड़ोदिया को बधाई देते हुए उन्होंने अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण **सर्वश्री डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, रामअवतार पोद्दार** एवं **प्रह्लाद राय अगरवाला** ने वर्तमान सत्र में सम्मेलन के क्रियाकलापों एवं संगठन-विस्तार के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ को बधाईयाँ दी। अगले सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन पर श्री गाड़ोदिया को बधाई देते हुए उन्होंने अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में अखिल भारतीय समिति की पिछली बैठक (१५ सितम्बर २०१९; कोलकाता) का कार्यवृत पारित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की

गतिविधियों पर '**महामंत्री की रपट**' और वर्तमान सत्र में अखिल भारतीय समिति द्वारा लिये गए निर्णयों पर '**कार्यवाही की रपट**' प्रस्तुत की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने सम्मेलन के आय-व्यय और आर्थिक स्थिति पर अपनी संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की।

चुनाव अधिकारी श्री नंदलाल सिंघानिया ने नये सत्र हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन पर अपनी रपट प्रस्तुत की और संविधानसम्मत प्रक्रिया से वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया सम्मेलन के अगले सत्र के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

श्री गाड़ोदिया ने अपने संबोधन में सबका आभार प्रकट किया एवं कहा कि वे सम्मेलन के कार्यकलापों को और गति देने के लिए सबके साथ मिलकर हर संभव प्रयत्न करेंगे। उन्होंने सभी अग्रजों एवं मनीषियों को नमन करते हुए कहा कि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों एवं आडम्बरों का निवारण एवं समाज का सर्वांगीण विकास मारवाड़ी सम्मेलन का लक्ष्य है। कोरोना को जीवन और जीविका पर अभूतपूर्व संकट बताते हुए उन्होंने कहा कि संसाधनहीन तबकों की रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति में सहायता हमारा नैतिक दायित्व है। उन्हें ये भरोसा दिलाना होगा कि इस संकटकाल में हम उनके साथ हैं। साथ ही, कोरोना के निवारण हेतु उन्हें मास्क, स्वच्छता एवं सामाजिक दूरी के विषय में सतर्क एवं जागरूक करना होगा।

सम्मेलन के पूर्व महामंत्री **श्री शिवकुमार लोहिया** एवं **श्री भानीराम सुरेका** ने मौजूदा सत्र को उत्कृष्ट बताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री गाड़ोदिया सम्मेलन को नई ऊँचाईयों पर ले जायेंगे।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री विवेक गुप्त** ने कहा कि सम्मेलन से जुड़ना एवं काम करना उनके लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन सत्र दर सत्र और बेहतर हुआ है एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वाह किया है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री अनिल कुमार जाजोदिया** ने विश्वास व्यक्त किया कि गोवर्धन जी अपने कुशल नेतृत्व में सम्मेलन को और आगे ले जायेंगे। अपने साहित्यिक अंदाज में 'गोवर्धन' की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मानवजाति पर आयी विपत्ति से 'गोवर्धन' ने हमें त्राण दिलाया था। हमारे निर्वाचित अध्यक्ष गोवर्धनजी भी समाज को सही दिशा देंगे और सुरक्षित रखेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

अखिल भारतीय समिति की बैठक की कार्यसूची के अनुसार, नये सत्र हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन पर अपनी रपट प्रस्तुत करते हुए चुनाव अधिकारी **श्री नंदलाल सिंघानिया** ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन से संबंधित सम्मेलन के संविधान की धारा १५ और राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की १५ दिसम्बर २०१९ को आयोजित बैठक में पारित नियमावली के अंतर्गत चुनाव की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण दिया। तत्पश्चात् श्री नंदलाल सिंघानिया एवं सहायक चुनाव अधिकारी **श्री संजय हरलालका** ने अगले सत्र के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु की गई कार्यवाही के विषय में बताया। श्री सिंघानिया ने बताया कि विभिन्न प्रांतों से सम्मेलन के अगले सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतु एक ही नाम का मनोनयन प्राप्त हुआ है जो है वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया का। अतः प्रादेशिक प्रस्तावों के आधार पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एकमात्र पात्र हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने समिति की सम्मति लेकर श्री गोवर्धन गाड़ोदिया को सम्मेलन के अगले सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से सहमति प्रदान की और बधाइयों का ताँता लग गया।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों सर्वश्री सीताराम शर्मा, नंदलाल रुँगटा, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, रामअवतार पोद्दार, प्रह्लाद राय अगरवाला, उपाध्यक्षों विवेक गुप्त, राजकुमार पुरोहित, विजय किशोरपुरिया, अनिल जाजोदिया, राष्ट्रीय पदाधिकारियों संजय हरलालका, दामोदर बिदावतका, गोपाल अग्रवाल, कैलाशपति तोदी, प्रादेशिक अध्यक्षों नंदकिशोर अग्रवाल, मधुसूदन सीकरिया, लक्ष्मीपत भूतोड़िया, बिनोद तोदी, गोविन्द अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंघानिया, गोकुल चंद बजाज, डॉ. सुभाष अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अशोक मूँधड़ा, उमाशंकर अग्रवाल, चांदमल अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल सहित दिनेश जैन, पवन सुरेका, अशोक जालान, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, निर्मल झुनझुनवाला, सुरेश सोंथलिया, ओमप्रकाश खण्डेलवाल, महावीर सिंघानिया, उमेश खण्डेलवाल आदि ने श्री गोवर्धन गाड़ोदिया को निर्वाचन हेतु बधाइयाँ दी और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही, वर्तमान अध्यक्ष श्री संतोष सराफ को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाइयाँ दी।

सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने कहा कि मैं पिछले पाँच कार्यकाल से सम्मेलन के साथ जुड़ा हुआ हूँ। इस दौरान सम्मेलन ने कई प्रतिमान स्थापित किये और आगे भी नये कीर्तिमान स्थापित होते रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री गाड़ोदिया को समाज के प्रति समर्पित एवं नेतृत्व-कुशल बताते हुए उन्होंने कहा कि इनके कार्यकाल में सम्मेलन प्रगतिपथ पर आरूढ़ रहेगा।

संक्षिप्त जीवन परिचय : श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया

श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया का जन्म २९ अक्टूबर १९४६ को राजस्थान राज्य के नागौर जिला अंतर्गत लाडनूं तहसील के लैडी ग्राम में सेठजी श्री रावतमलजी गाड़ोदिया के द्वितीय पुत्र के रूप में हुआ। आप तीन भाई एवं चार बहनें हैं। प्रारंभिक शिक्षा लैडी ग्राम में ही हुई। हाई स्कूल की परीक्षा सेठ जगन्नाथ तापड़िया उच्च माध्यमिक विद्यालय, जसवंतगढ़ से सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की एवं नेशनल मेरिट स्कालरशीप के साथ सेठ लादूराम तापड़िया मेरिट स्कालरशीप भी प्राप्त की। बांगड़ कॉलेज डीडवाना से बी.कॉम की डिग्री लेने के बाद १९६६ में कलकत्ता आये एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय से लॉ (एल.एल.बी.) एवं (आई.सी.डब्ल्यू.ए.) से कॉस्ट अकाउंटेन्सी का अध्ययन शुरू किया। बांगड़ कॉलेज में अध्ययन के समय बांगड़ ग्रुप के श्री रंगनाथजी बांगड़ के संपर्क में आये एवं कलकत्ता में बांगड़ ग्रुप की हेस्टिंग जूट मिल से कैरियर का शुभारंभ किया। प्रातः लॉ कॉलेज, दिन में नौकरी एवं सायंकाल में आई.सी.डब्ल्यू.ए. का अध्ययन। उद्यमी प्रकृति की वजह से निजी व्यवसाय का मन बनाया और आप राँची आ गये। व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे।

आपने राँची में अग्रवाल सभा की स्थापना में सक्रिय योगदान दिया एवं मंत्री, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष पद पर रहे। संप्रति संपत्ति संरक्षण मंडल के सदस्य हैं। राँची की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था मारवाड़ी सहायक समिति के मंत्री एवं उपाध्यक्ष रहे।

आप राँची चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष रहे। लॉयन्स क्लब ऑफ राँची ग्रेटर के अध्यक्ष रहे। फेडरेशन ऑफ झारखण्ड कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के कोषाध्यक्ष रहे। दक्षिणी-पूर्वी रेलवे के क्षेत्रिय उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य रहे। लैडी हितकारनी समिति, लैडी, राजस्थान के संरक्षक हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य हैं। नागरमल मोदी सेवा सदन के कार्यकारिणी सदस्य हैं।

आप झारखण्ड प्रान्तीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना से ही सक्रिय रहे एवं संविधान का प्रारूप तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। पहले अधिवेशन की स्मारिका का संपादन भी किया। प्रमंडलीय उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष मुख्यालय एवं वरीय उपाध्यक्ष भी रहे।

आप सत्र २०१५-१७ में झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष रहे और झारखंड में सम्मेलन के संगठन-विस्तार में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। आप अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र २०१८-२० में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

राँची की कई सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के संविधान को मूर्त रूप देने में आपने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

आपकी सामाजिक सेवाओं के आलोक में अग्रवाल सभा ने सन् २०१३ में सभा के सर्वोच्च सम्मान 'श्री अग्रसेन सम्मान' से सम्मानित किया।

आपका विवाह सुशीलाजी के साथ हुआ। ईश्वर कृपा से एक पुत्री, तीन पुत्रों, नाती, नतिनी, पौत्रों एवं पौत्रियों का आपका भरा-पूरा परिवार है। वर्त्तमान में आप राँची में निवास करते हैं।

नैसर्गिक स्वभाव से आप प्रबुद्ध, जागरूक एवं संवेदनशील हैं। विचारों में विवेक का संतुलन है एवं संवर्धन की योग्यता है। समाज के सभी वर्गों से सद्भाव है। आप मृदुभाषी, सम्यक एवं संतुलित वाक्शक्ति के धनी हैं। सामाजिक कार्यों हेतु सदैव सहजता से उपलब्ध हैं। सदैव सब को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। उत्तरदायित्व एवं कृतज्ञता भाव से ओत-प्रोत हैं।

उत्कल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष **श्री अशोक जालान** ने श्री संतोष सराफ को उनके कार्यकाल एवं उपलब्धिओं के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपसे मिले प्रेरणा से अच्छा कार्य कर सकेंगे। साथ ही, नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया को बधाई देते हुए अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्षों **श्री राजकुमार पुरोहित** एवं **श्री विजय किशोरपुरिया**, संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका**, संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, रोजगार सहायता उपसमिति के चेयरमैन **श्री दिनेश जैन**, प्रादेशिक अध्यक्षों **सर्वश्री नंदकिशोर अग्रवाल** (पश्चिम बंग), **मधुसूदन सीकरिया** (पूर्वोत्तर), **लक्ष्मीपत भूतोड़िया** (दिल्ली), **बिनोद तोदी** (बिहार), **गोविन्द अग्रवाल** (उत्कल), **पुरुषोत्तम सिंघानिया** (छत्तीसगढ़), **गोकुल चंद बजाज** (गुजरात), **डॉ. सुभाष अग्रवाल** (कर्नाटक), **ओम प्रकाश अग्रवाल** (झारखंड), **अशोक मूँधड़ा** (तमिलनाडु), **उमाशंकर अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश), **चांदमल अग्रवाल** (आंध्र प्रदेश), **श्याम सुंदर अग्रवाल** (केरल), प्रादेशिक महामंत्री **अमर बंसल** (छत्तीसगढ़), अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्रीमती सुषमा अग्रवाल** के अलावा **सर्वश्री निर्मल झुनझुनवाला, जय प्रकाश मूँधड़ा, सुरेश सोंथलिया, ओम प्रकाश खंडेलवाल** ने अपने वक्तव्य में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया को बधाई देते हुए अपने संक्षिप्त विचार प्रकट किये।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री पवन गोयनका** ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया और श्री गाड़ोदिया को बधाइयाँ दी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है और हमें संगठन-विस्तार की गति को बनाये रखना होगा। **बैठक में सर्वश्री जुगल किशोर सर्राफ, पवन सुरेका, भागचंद पोद्दार, ओमप्रकाश प्रणव, विनोद जैन, कमल केडिया, कौशल राजगढ़िया, विष्णु जैन, मनोज बजाज, अनिल अग्रवाल, विनय सरावगी, कमल नोपानी, ललित गाँधी, राजकुमार तिवाड़ी, मतादीन अग्रवाल, ओ.पी. टिबड़ेवाल, जयदयाल अग्रवाल, नीरज भिवानीवाला, सुरेश कमानी, बाबुलाल अग्रवाल, रंजीत डालमिया, बाबुलाल गग्गड़, महावीर मनकसिया, अरुण प्रकाश मल्लावत, किशन लाल अग्रवाल, धरमचंद बजाज, अशोक अग्रवाल, प्रियम तातेड़, नरेश मंत्री, बसंत पोद्दार, अशोक भालोटिया, अशोक जैन, अमित मूँधड़ा, विजय खेमका, प्रदीप जेवराजका, मनोज जैन, अभिषेक जैन, राजकुमार मिश्रा, विष्णु दयाल अग्रवाल, धर्मचंद मोदी, गणेश कुमार खेमका, गणेश परोहित, अरुण खेमका, शिव टेकड़ीवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, जे.के. बजाज, श्रीमती ऊषा बजाज, पूर्व न्यायाधीश रमेश मेरठिया सहित पूरे देश से सम्मेलन के लगभग १८० पदाधिकारियों-सदस्यों ने भाग लिया।**

प्रेरक प्रसंग

परनिंदा न करिये

राजा पृथु एक दिन सुबह-सुबह घोड़ों के तबेले में जा पहुँचे। तभी वहाँ एक साधु भिक्षा माँगने आ पहुँचा। सुबह-सुबह साधु को भिक्षा माँगते देख पृथु क्रोध से भर उठे। उन्होंने साधु की निंदा करते हुये, बिना विचारे तबेले से घोड़े की लीद उठाई और उसके पात्र में डाल दी। साधु भी शांत स्वभाव का था, सो भिक्षा ले वहाँ से चला गया और वह लीद कुटिया के बाहर एक कोने में डाल दी।

कुछ समय उपरांत राजा पृथु शिकार के लिये गये। पृथु ने जब जंगल में देखा कि, एक कुटिया के बाहर घोड़े की लीद का बड़ा सा ढेर लगा हुआ है। उन्होंने देखा कि, यहाँ तो न कोई तबेला है और न ही दूर-दूर तक कोई घोड़े दिखाई दे रहे हैं। वह आश्चर्यचकित हो कुटिया में गये और साधु से बोले, "महाराज! आप हमें एक बात बताइये, यहाँ कोई घोड़ा भी नहीं, न ही तबेला है, तो यह इतनी सारी घोड़े की लीद कहाँ से आई?"

साधु ने कहा, "राजन्! यह लीद मुझे एक राजा ने भिक्षा में दी है। अब समय आने पर यह लीद उसी को खानी पड़ेगी।"

यह सुन राजा पृथु को पूरी घटना याद आ गई। वह साधु के पैरों में गिर क्षमा माँगने लगा। उसने साधु से प्रश्न किया, "हमने तो थोड़ी-सी लीद दी थी, पर यह तो बहुत अधिक हो गई?"

साधु ने कहा, "हम किसी को जो भी देते हैं, वह दिन-प्रतिदिन प्रफुल्लित होता जाता है और समय आने पर हमारे पास लौटकर आ जाता है, यह उसी का परिणाम है।"

यह सुनकर पृथु की आँखों में अश्रु भर आये। वह साधु से विनती कर बोले, "महाराज! मुझे क्षमा कर दीजिये। मैं आइन्दा ऐसी गलती कभी नहीं करूँगा। कृपया कोई ऐसा उपाय बता दीजिये, जिससे मैं अपने दुष्ट कर्मों का प्रायश्चित कर सकूँ।"

राजा की ऐसी दुःखमयी हालत देखकर साधु बोला "राजन्! एक उपाय है। आपको कोई ऐसा कार्य करना है, जो देखने में तो गलत हो, पर वास्तव में गलत न हो। जब लोग आपको गलत देखेंगे, तो आपकी निंदा करेंगे। जितने ज्यादा लोग आपकी निंदा करेंगे, आपका पाप उतना हल्का होता जायेगा। आपका अपराध निंदा करने वालों के हिस्से में आ जायेगा।"

यह सुनकर राजा पृथु ने महल में आकर काफी सोच-विचार किया और अगले दिन सुबह से शराब की बोतल लेकर चौराहे पर बैठ गये। सुबह-सुबह राजा को इस हाल में देखकर सब लोग आपस में राजा की निंदा करने लगे कि, "कैसा राजा है? कितना निंदनीय कृत्य कर रहा है, क्या यह शोभनीय है? आदि-आदि!" निंदा की परवाह किये बिना राजा पूरे दिन शराबियों की तरह अभिनय करते रहे।

इस पूरे कृत्य के पश्चात जब राजा पृथु पुनः साधु के पास पहुँचे, तो लीद के ढेर के स्थान पर एक मुट्ठी लीद देख आश्चर्य से बोले, "महाराज! यह कैसे हुआ? इतना बड़ा ढेर कहाँ गायब हो गया?"

साधु ने कहा, "यह आपकी अनुचित निंदा के कारण हुआ है राजन्! जिन-जिन लोगों ने आपकी अनुचित निंदा की है, आपका पाप उन सब में बराबर-बराबर बँट गया है।"

फिर राजा बोले, "महाराज, फिर ये मुट्ठी भर बचा क्यूँ? ये क्यूँ नहीं बँटा?"

तो फिर ऋषि बोले, "राजन, ये तुम्हारा कर्म है। जितना तुमने मेरे भिक्षा पात्र मे मेरे खाने के लिए दिए थे, उतना तो तुम्हें खाना ही पड़ेगा।"

कोई कितना भी उपाय, दान, पुण्य कर ले, उसका कर्म दोष कट तो जाएगा पर उसका मूल नष्ट नहीं होगा, उतना तो भरना ही पड़ेगा।

"जब हम किसी की बेवजह निंदा करते हैं, तो हमें उसके पाप का बोझ भी उठाना पड़ता है। हमें अपने किये गये कर्मों का फल तो भुगतना ही पड़ता है, चाहे हँसकर भुगते या रोकर। हम जैसा देंगे, वैसा ही लौटकर वापिस आयेगा।"

"दूसरे की निंदा करिये और अपने पाप का घड़ा भरिये।"

राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया को बधाई-संदेश

By grace of god and good KARMA you reached at this position. I wish you a great success for this post. I will be always by your side whenever you need me.

– Santosh Saraf
National President, AIMF

Congratulations & Best wishes. I have full confidence in you. I am sure Sammelan will achieve new heights of success and glory under your able leadership. You will have my full support. Best Wishes.

– Sitaram Sharma
Past National President, AIMF

अनेकानेक बधाइयाँ! ये आपके समर्पण का फल है। मैं सदैव आपके साथ हूँ। अनन्त शुभकामनाएँ!

–नंदलाल रुँगटा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के लिये बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ!

– संजय सेठ
लोकसभा सांसद

गोवर्द्धन गाड़ोदिया जी को बधाई! आशा है आपके नेतृत्व में संगठन का विस्तार होगा। समाजसेवा के रूप में सरकार के सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने की पहल करेंगे, जो अज्ञानता की वजह से खुद को जोड़ नहीं पाते।

– महेश पोद्दार
राज्यसभा सांसद

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। समाज की नई पीढ़ी को प्रगतिशील बनाना समय की आवश्यकता है।

– न्यायमूर्ति रमेश मेरठिया
अवकाशप्राप्त न्यायाधीश

आदरणीय गाड़ोदिया जी, आशा है मारवाड़ी सम्मेलन समाज के सभी बन्धुओं को संगठित कर नई सोच के साथ और आगे बढ़ेगा। मेरी समस्त शुभकामनाएँ आपके साथ है!

– विनय सरावगी
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष

श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया जी को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ!

– बिनोद तोदी
अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

सम्मेलन एवं समाज के सर्वांगीण विकास के प्रति आपके विचार हम सभी को संबल प्रदान करते हैं। आपके इस कार्यकाल को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने की ज़िम्मेदारी उतनी ही हमारी भी है और हम सभी मिलकर ऐसा सिद्ध कर दिखाएँगे। आपके नेक विचारों से मैं भली भाँति परिचित हूँ। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप अपने दायित्व को अपनी कर्मठता के द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दे पाने में सफल रहेंगे। हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ!

– मधुसूदन सीकरिया
अध्यक्ष, पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री गोवर्धन प्रसाद जी गाड़ोदिया को हार्दिक बधाई एवं अग्रिम शुभकामनाएँ!

– लक्ष्मीपत भूतोडिया
अध्यक्ष, दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए आपके निर्विरोध चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभेच्छा। हम केवल आशान्वित ही नहीं वरन विश्वस्त भी हैं कि आपकी सामाजिक सोच, योजनाओं एवं आपके मार्गदर्शन से अग्रसर होते समाज को नई दिशा प्राप्त होगी एवं गौरवान्वित होने के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। सामाजिक सफलता, संपन्नता, समरसता, सद्भाव, सहयोग सहभागिता, परस्पर प्रेमभाव, मातृभाव एवं अपनत्व में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। समाज में व्याप्त प्रतिकूल चलनों में कमी होगी।

– गोविंद अग्रवाल
प्रांतीय अध्यक्ष, उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से महोदय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ! आपका कार्यकाल अविस्मरणीय और उपलब्धियों से भरपूर हो। बिहार प्रान्त का संपूर्ण सहयोग हमेशा आपके साथ है।

– महेश जालान
निर्वाचित अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

आपकी कर्मठता और संकल्पशक्ति से अध्यक्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों की अनुपम गाथा रची जायेगी। आपके मार्गदर्शन में रचनात्मक कार्य करते हुए हम समाज-विकास के सार्थक प्रयास करेंगे।

– रामपाल अट्टल
हैदरावाद

इन महानुभावों ने भी स्नेहपूर्वक शुभकामनाएँ प्रेषित की –

सर्वश्री डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, रामअवतार पोद्दार, प्रह्लादराय अगरवाला, रतन शाह, भानीराम सुरेका, जुगल किशोर सर्राफ, आत्माराम सोंथलिया, नंदलाल सिंघानिया, राज पुरोहित, विवेक गुप्त, अनिल जाजोदिया, पवन गोयनका, विजय किशोरपुरिया, श्रीगोपाल झुनझुनवाला, संजय हरलालका, दामोदर बिदावतका, कैलाशपति तोदी, गोपाल अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, गोकुल चंद बजाज, अशोक जालान, भागचन्द पोद्दार, निर्मल काबरा (जमशेदपुर), पुरुषोत्तम सिंघानिया (रायपुर) श्यामसुंदर अग्रवाल (कोचीन), चांदमल अग्रवाल (विशाखापतनम्), सुभाष अग्रवाल (बंगलोर), उमाशंकर अग्रवाल (वाराणसी), गोविंद प्रसाद डालमिया (देवघर), रमेश बंग (नागपुर), नारायण खेमका (वाराणसी), बसंत मित्तल (राँची), पवन शर्मा (राँची), रतनलाल बंका (राँची), ओमप्रकाश प्रणव (राँची), भगवती प्रसाद भुवालका (राँची), कमल केडिया (राँची), विनोद जैन (राँची), पवन पोद्दार (राँची), अजय मारू (राँची), मनोज बजाज (राँची) अनिल अग्रवाल (राँची), धर्मचंद जैन (राँची), सुरेश अग्रवाल (राँची) सहित अनेक महानुभावों द्वारा शुभकामनाएँ।

"गाँव री याद"

गाँव रा गुवाड़ छुटया,
लारे रहग्या खेत।
धोरां माथली झीणी झीणी,
उड़ती बाळू रेत।।
उड़ती बाळू रेत,
नीम री छाया छूटी।
फोफलिया रो साग,
रावड़ी रोटी रूठी।।

अषाढ़ा रे महीणे में जद,
खेत बावण जाता।
हळ चलाता तेजो गाता,
कांदा रोटी खाता।।
कांदा रोटी खाता,
भादवे में काढता 'नीनाण'।
खेत मायली झूंपड़ी में,
सोवंता खूंटी ताण।।

गरज गरज कर मेह बरसतो,
खूब नाचता मोर।
खेजड़ी रा खोखा खाता,
बोरटी रा बोर।।
बोरटी रा बोर,
खाँवता काकड़िया मतीरा।
'सिराधां' में जीमता,
देसी घी रा सीरा।।

आसोजां में बाजरी रा,
सिट्टा भी पक जाता।
काती रे महीने में सगळा,
मोठ उपाड़न जाता।।
मोठ उपाड़न जाता,
सागे तोड़ता गुवार।
सर्दी गर्मी सहकर के भी,
सुखी हो परिवार।।

गाँव के हर एक घर में,
गाय भैंस रो धीणो।
घी दूध भी घर को मिलतो,
वो हो असली जीणो।।
वो हो असली जीणो,
कदे नहीं पड़ता था बीमार।
गाँव में ही छोड़ आया,
जिन्दगी रो सार।।

सियाळे में धूँई तपता,
करता खूब हथाई।
आपस में मिलजुल के रहता,
सगळा भाई भाई।।
कहे बात "घनश्याम" गाँव री,
आज भी याद सतावे।
एक बार जो समय बीतग्यो,
अब पाछो नहीं आवे।।

संकलन : श्री नन्दलाल रुँगटा
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

अपने बच्चों को पहले पाँच साल तक खूब प्यार करो,
छः साल से पंद्रह साल तक कठोर अनुशासन और संस्कार दो,
सोलह साल से उनके साथ मित्रता करो,
आपके संतान ही आपके सबसे अच्छे मित्र हैं।

-: चाणक्य :-

आभार-प्रसून!

– गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया

शनिवार, ११ जुलाई २०२० को आयोजित अखिल भारतीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अगले सत्र के लिए अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्रद्धा एवं स्नेहयुक्त भाव से सम्मेलन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ! मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता के प्रति आप सबका प्यार एवं विश्वास मेरी आगे की यात्रा का पाथेय बनेगा।

हमारे यशस्वी वर्तमान अध्यक्ष श्री संतोष जी सराफ के सफल कार्यकाल में मैंने भी उनके साथ कई प्रांतों का दौरा किया। श्री संतोष जी एक सरल हृदय, सुलझे हुए सार्थक विचारों के धनी व्यक्ति हैं, मद और अहंकार से मुक्त। मैं उनके निर्णय करने की क्षमता से प्रभावित रहा। उनके कार्यकाल में सम्मेलन ने सफलता के कई नए आयाम स्थापित किये, उन्हें हार्दिक बधाई। उनके साथ काम करने का सुखद अनुभव मेरे जीवन पथ को आलोकित करता रहेगा, आभार।

सम्मेलन को वर्तमान ऊँचाईयों तक पहुँचाने में हमारे माननीय पूर्व अध्यक्षों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी आदरणीय श्री सीतारामजी शर्मा की नेतृत्व क्षमता, विचारों की स्पष्टता तथा प्रस्तुतीकरण सब अतुलनीय है, आप दूर दृष्टि रखते हैं एवं सम्मेलन के हित के लिए सदा सचेष्ट रहते हैं। वंदनीय श्री नन्दलालजी रुँगटा ने सदा मेरा उत्साहवर्धन किया है। झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के दायित्व निर्वहन में उनका मार्ग दर्शन हमेशा मेरा सम्बल रहा। माननीय डॉ. हरिप्रसादजी कानोड़िया से सीखने को मिला कि व्यवसायिक व्यस्तताओं के बावजूद भी कैसे आध्यात्म से तालमेल रखा जा सकता है। श्री रामअवतारजी पोद्दार सदा मेरे हितचिंतक रहे हैं, सबको साथ लेकर चलने की उनकी क्षमता अनुकरणीय है। श्री प्रह्लाद रायजी अगरवाला से सीखने को मिला कि समय अमूल्य है उसका सदुपयोग करो। मेरा सौभाग्य है कि उनके कार्यकाल में ही मैं झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अध्यक्ष रहा एवं राँची में अखिल भारतीय समिति की बैठक भी सम्पन्न हुई। सभी माननीय पूर्व अध्यक्षों का स्नेह एवं आशीर्वाद मुझे बराबर मिलता रहा है। उन सब के प्रति विनयावनत हूँ, मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी का मार्गदर्शन एवं सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा।

आदरणीय श्री जुगल किशोरजी सर्राफ एवं श्री आत्मारामजी सोंथलिया का स्नेह एवं सहयोग मुझे हमेशा मिलता रहा है, आभार।

सम्मेलन की गतिविधियों को सदस्यों एवं समाज तक पहुँचाने में हमारी मासिक पत्रिका "समाज विकास" का महत्वपूर्ण योगदान है। समाज विकास के संपादक श्री शिवकुमारजी लोहिया का सदैव सहयोग रहा, उनका आदेशात्मक अनुरोध पत्रिका के लिए कुछ लिखने हेतु सदैव प्रेरित करता रहा। अब लिखने का अभ्यास न होते हुए भी उनके आग्रह के कारण इस दिशा में प्रयत्नशील रहा, साधुवाद।

सम्मेलन के उपाध्यक्षगण सर्वश्री विवेकजी गुप्त, श्री पवन कुमारजी गोयनका, श्री अनिल कुमारजी जाजोदिया, श्री विजय कुमारजी किशोरपुरिया एवं श्री राज पुरोहितजी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। सम्मेलन के महामंत्री श्री श्रीगोपालजी झुनझुनवाला एवं श्री संजयजी हरलालका से मेरे पूर्व से ही व्यक्तिगत सम्बन्ध हैं एवं सदैव मेरे हितैषी रहे हैं। संयुक्त महामंत्री श्री दामोदरजी बिदावतका, कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपतिजी तोदी, संगठन मंत्री श्री गोपालजी अग्रवाल एवं श्री बसंतजी मित्तल का भरपूर सहयोग हमेशा मिलता रहा है। सम्मेलन के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग भी बराबर मिलता रहा है और भविष्य में भी मिलता रहेगा ऐसी मेरी अपेक्षा है, सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं सभी प्रांतीय अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं पदाधिकारियों का हृदय से आभारी हूँ जिन्होंने मुझे इस पद के लिए उपयुक्त समझा एवं सर्वसम्मति से मेरा निर्वाचन किया, मैं इस उत्तरदायित्व के महत्व को समझता हूँ और आप सब की आस्था एवं विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूँगा। चुनाव पदाधिकारी श्री नन्दलालजी सिंघानिया का भी आभार व्यक्त करता हूँ।

